**दिनांक 30.04.2019 को प्रधान सचिव, कृषि, बिहार, पटना की अध्यक्षता में खरीफ महाभियान, 2019 की तैयारी की समीक्षा हेतु आयोजित बैठक की कार्यवाही**

1. खरीफ उत्पादन कार्यक्रम 2019 का नाम खरीफ महाभियान 2019 रखने का निर्णय लिया गया।
2. खरीफ मौसम 2019 में खरीफ उत्पादन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए राज्य/प्रमंडल/जिला/प्रखंड स्तर पर खरीफ महाभियान 2019 का आयोजन करने का निर्णय लिया गया।
3. खरीफ उत्पादन कार्यक्रम 2019 के संबंध में आम जानकारी हेतु समाचारपत्रों में विज्ञापन को प्रकाशित कराने का निर्णय लिया गया।
4. खरीफ महाभियान 2019 को सफल बनाने हेतु विभिन्न चरणों में कार्यक्रम आयोजन हेतु तिथि का आयोजन हेतु तिथि, स्थान एवं इसके उद्देश्य का निर्धारण निम्न प्रकार से किया गया –

| क्र. सं. | कार्यक्रम का नाम | निर्धारित तिथि | आयोजन स्थल | कार्यक्रम का उद्देश्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राज्य स्तरीय खरीफ महाभियान – 2019 का शुभारंभ (राज्य स्तरीय खरीफ कर्मशाला का आयोजन) | 08–09 मई, 2019 को 10.30 बजे पूर्वाहन | बामेती परिसर, पटना | योजनावार, जिलावार, कार्यक्रमवार लक्ष्य का निर्धारण एवं लक्ष्य की प्राप्ति हेतु प्रशासनिक एवं तकनीकी जानकारी एवं रणनीति तथा प्रसार पदाधिकारियों का क्षमतावर्द्धन। |
| 2. | प्रमंडल स्तरीय खरीफ कर्मशाला–सह– प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन (प्रमंडलीय मुख्यालय जिला यथा पटना, गया, मुंगेर, भागलपुर, पूर्णिया, सरहसा, दरभंगा, मुजफ्फरपुर एवं सारण का जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन सम्मिलित करते हुए) | 14 मई, 2019 को 10.30 बजे पूर्वाहन | सभी प्रमंडलीय मुख्यालय | कृषि एवं संबद्ध विभाग के पदाधिकारियों को खरीफ मौसम की प्रस्तावित योजनाओं/ कार्यक्रमों की तकनीकी एवं प्रशासनिक दायित्वों की जानकारी सहित क्षमता का विकास। |
| 3. | जिला स्तरीय खरीफ कर्मशाला–सह–प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन ( प्रमंडलीय मुख्यालय जिला यथा पटना, गया, मुंगेर, भागलपुर, पूर्णिया, सरहसा, दरभंगा, मुजफ्फरपुर एवं सारण को छोड़कर) | 21 मई, 2019 को 10.30 बजे पूर्वाहन | सभी जिला मुख्यालय | खरीफ मौसम की खेती एवं अन्य कृषि कार्य के लिए जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों/ प्रसार कर्मियों एवं स्टेक होल्डर्स का विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों एवं उनके लक्ष्य की जानकारी एवं प्रशिक्षण |

| क्र. सं. | कार्यक्रम का नाम | निर्धारित तिथि | आयोजन स्थल | कार्यक्रम का उद्देश्य |
|---|---|---|---|---|
| 4. | श्रव्य यंत्रों एवं तकनीकी बुलेटिनों से युक्त खरीफ महाभियान रथों को हरी झण्डी दिखाकर जिलों के लिए रवानगी। | 28 मई, 2019 को 10.30 बजे पूर्वाहन | पटना मुख्यालय | विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों/महाभियान के संबंध में आम जनता को जानकारी उपलब्ध कराना। |
| 5. | प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण–सह–उपादान वितरण कार्यक्रम | 30 मई–09 जून, 2019 को 10.30 बजे पूर्वाहन | सभी प्रखंड मुख्यालय | विभागीय योजनाओं/कार्यक्रमों के लाभार्थी किसानों सहित अन्य किसानों को तकनीकी प्रशिक्षण एवं चयनित किसानों के बीच अनुदान पर उपादान का वितरण। |

5. खरीफ उत्पादन कार्यक्रम 2019 के प्रस्तावित प्रमुख आयाम का विवरण –
   i. सी0एफ0एफ0/डी0बी0टी0 के माध्यम से लाभार्थी किसानों के बीच अनुदान का वितरण।
   ii. बीज टीकाकरण अभियान।
   iii. कृषि उपादान अनुदान का वितरण।
   iv. जैविक खेती का अंगीकरण एवं प्रमाणीकरण।
   v. किसानों की आमदनी दुगुनी करने के सुझाव/उपाय
   vi. पैडी ट्रांसप्लांटर से धान की रोपनी
   vii. श्री विधि से धान की खेती
   viii. मौसम के बदलते परिवेश में धान की सीधी बुवाई
   ix. किसान पुरस्कार कार्यक्रम
   x. कृषक हित समूह/खाद्य सुरक्षा समूह/कृषक उत्पादक संगठन का गठन
   xi. किसान पाठशाला का आयोजन
   xii. समेकित कृषि प्रणाली
   xiii. किसान चौपाल का आयोजन

6. प्रमंडल स्तर पर आयोजित होने वाले खरीफ कर्मशाला में भाग लेने के लिए राज्य स्तर से एक वरीय पदाधिकारी के प्रतिनियुक्ति का प्रस्ताव।
   - पटना प्रमंडल – डा0 जितेन्द्र प्रसाद, निदेशक, बामेती
   - मुजफ्फरपुर प्रमंडल – श्री डी0पी0 त्रिपाठी, अपर निदेशक (शस्य)
   - सारण प्रमंडल – डा0 ब्रजेश कुमार, संयुक्त निदेशक (शस्य) फसल एवं प्रक्षेत्र
   - सहरसा प्रमंडल – श्री अरूण कुमार, संयुक्त कृषि निदेशक (सांख्यिकी)
   - पूर्णिया प्रमंडल – श्री बेंकटेश नारायण सिंह, संयुक्त निदेशक (रसायन) कम्पोस्ट एवं बायोगैस

- मुंगेर प्रमंडल – श्री उमेश कुमार चौधरी, संयुक्त निदेशक (रसायन), गुण नियंत्रण
- भागलपुर प्रमंडल – श्री सुरेश प्रसाद गुप्ता, संयुक्त निदेशक (शष्य) योजना
- मगध प्रमंडल – श्री संजय कुमार, संयुक्त निदेशक (शस्य) मुख्यालय
- दरभंगा प्रमंडल – श्री राम प्रकाश सहनी, संयुक्त निदेशक (रसायन) मिट्टी जाँच प्रयोगशाला

7. प्रत्येक जिला में 02 रथ यथा खरीफ महाभियान रथ एवं बीज वाहन विकास वाहन रथ चलाया जाएगा। बीज वाहन विकास वाहन रथ का किराया भाड़ा जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा तथा खरीफ महाभियान रथ का किराया भाड़ा परियोजना निदेशक, आत्मा द्वारा दिया जाएगा। प्रत्येक वाहन पर उपर्युक्त उपादानों की उपलब्धता के लिए एक उपादान बिक्रेता को भी सहायक निदेशक (पौधा संरक्षण) द्वारा सम्बद्ध किया जाएगा।
8. राज्य/प्रमंडल/जिला स्तरीय खरीफ महाभियान–2019 के दौरान डा0 राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा, समस्तीपुर एवं बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर के वरीय वैज्ञानिकों के द्वारा खरीफ मौसम में उगाई जाने वाली फसलों (धान, मक्का, ज्वार, बाजरा, मडूआ, अरहर, मूंग, उरद एवं सब्जी आदि), उपयोग में आने वाले तकनीकियों/यंत्रों के ऊपर विशेष रूप से कर्मशाला के प्रथम सत्र में चर्चा की जाएगी।
9. योजना के प्रभारी पदाधिकारी योजनावार/कार्यक्रमवार जिलावार भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य का निर्धारण कर सभी संबंधितों को संसूचित करेंगे।
10. राज्य स्तर पर आयोजित खरीफ कर्मशाला में प्रत्येक प्रमंडल के प्रमंडलीय संयुक्त निदेशक (शस्य) द्वारा अपने प्रमंडल अंतर्गत जिलों में खरीफ उत्पादन कार्यक्रम की तैयारी के संबंध में महाभियान के शुभारंभ के दिन 10 मिनट का Power Point Presentation के माध्यम से प्रस्तुतीकरण का दिया जाएगा।
11. सभी योजना के प्रभारी पदाधिकारी अपने–अपने योजना से संबंधित योजनावार, जिलावार, कार्यक्रमवार लक्ष्य निर्धारित कर तथा कार्ययोजना से संबंधित प्रतिवेदन हार्डकॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी में दिनांक 03 मई, 2019 तक उप निदेशक (शस्य) प्रशिक्षण/ उप निदेशक (शस्य) सूचना को उपलब्ध कराया जाएगा।
12. खरीफ महाभियान 2019 के कार्यान्वयन के लिए खरीफ 2019 में आयोजित/ सम्पादित किए जाने वाले कार्यों का समय सारणी (Time line) बनाने हेतु कमिटी का गठन किया गया है –

    i. डा0 ब्रजेश कुमार, संयुक्त निदेशक (फसल एवं प्रक्षेत्र) – अध्यक्ष
    ii. श्री राम बाबू, उप निदेशक (शस्य) – सदस्य
    iii. श्री संजय कुमार, उप निदेशक (रसायन) मिट्टी जाँच प्रयोगशाला – सदस्य
    iv. श्री रमेश कुमार रावत, उप निदेशक (शस्य) बीज – सदस्य सचिव

13. खरीफ महाभियान 2019 के अवसर पर विभिन्न योजनाओं के कार्यान्वयन एवं उपादान वितरण के अनुश्रवण के लिए राज्य स्तर पर एक अनुश्रवण कोषांग गठित करने का निर्णय लिया गया –

- अनुश्रवण कोषांग का संचालन संयुक्त/उप निदेशक (सांख्यिकी) द्वारा किया जाएगा अनुश्रवण के लिए योजनावार प्रगति प्रतिवेदन का एक प्रपत्र प्रधान सचिव, कृषि, बिहार, पटना के अनुमोदनोपरांत विकसित किया जाएगा।
- आई0टी0 मैनेजर, कृषि विभाग द्वारा निर्धारित प्रपत्र में प्रगति प्रतिवेदन के लिए एक गूगल डॉक पर प्रतिवेदन प्रपत्र विकसित किया जाएगा जिसमें जिलों द्वारा योजनावार/कार्यक्रमवार प्रगति प्रतिवेदन अपलोड किया जाएगा।
- जिलों से ईमेल/गूगल डॉक के माध्यम से प्रगति प्रतिवेदन प्राप्त कर इसे समेकित कर कृषि निदेशक, बिहार, पटना के माध्यम से प्रधान सचिव, कृषि, बिहार, पटना के समक्ष सांख्यिकी कोषांग द्वारा उपस्थापित किया जाएगा।

14. खरीफ महाभियान 2019 को सफल बनाने हेतु कृषि कार्यक्रमों की तकनीकी जानकारी एवं प्रचार–प्रसार के लिए खरीफ फसलों हेतु विभाग द्वारा निर्धारित दर पर निम्नलिखित रंगीन तकनीकी बुलेटिनों को मुद्रित कराने का प्रस्ताव –

- मौसम के बदलते परिवेश में धान की सीधी बुवाई
- श्री विधि से धान की खेती
- संकर धान की वैज्ञानिक खेती
- जीरो टिलेज से धान की खेती
- संकर मक्के की वैज्ञानिक खेती
- पैडी ट्रांसप्लांटर/मानव चालित से धान की रोपाई
- तनाव रोधी धान की वैज्ञानिक खेती
- अरहर की वैज्ञानिक खेती
- उड़द की वैज्ञानिक खेती
- तिल की वैज्ञानिक खेती
- सब्जी की वैज्ञानिक खेती
- हरी खाद हेतु सनई/ढैंचा की खेती
- सोयाबीन की वैज्ञानिक खेती
- बेमौसमी सब्जी की खेती
- भूमिहीनों के लिए खेती
- समेकित कृषि प्रणाली
- औषधीय मशरूम की वैज्ञानिक खेती
- सभी योजना के प्रत्यक्षण मॉडल

2.5.2019

प्रधान सचिव
कृषि, बिहार, पटना

ज्ञापांक 161/बामेती/2019/584 दिनांक 03/05/19

प्रतिलिपि – कुलपति, डा0 राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा, समस्तीपुर /कुलपति, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर/कुलपति, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना/निदेशक आई0सी0ए0आर0–आर0सी0ई0आर, पटना/निदेशक कृषि, बिहार, पटना/निदेशक उद्यान, बिहार, पटना/अपर निदेशक (शस्य), बिहार, पटना/निदेशक पी0पी0एम0, बिहार, पटना/निदेशक भूमि संरक्षण, बिहार, पटना/निदेशक बसोका, बिहार, पटना/सभी संयुक्त निदेशक, मुख्यालय, बिहार, पटना/सभी योजना के प्रभारी पदाधिकारी, बिहार, पटना/उप निदेशक (शस्य) सूचना, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

03/05/19

निदेशक
बामेती, बिहार, पटना